| दिनांक | पुनरावर्तन | दिवस–174 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को 'कितने कौए' की कहानी का प्रश्नोत्तरी द्वारा पुनरावर्तन करवाएँ।

## नीचे दिए गए शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाइए–

उदाहरण– मीठा, आम, बहुत (यह आम बहुत मीठा है।)

| | |
|---|---|
| जंगल, शेर, राजा | |
| तोता, हरा, पंख | |
| पौधा, पानी, रोज | |
| गेंद, मैदान, खेल | |

## मुझे पहचानों मैं कौन हूँ ?

| | |
|---|---|
| मैं चिट्ठियाँ बाँटता हूँ। | डाकिया |
| मैं बीमारों का इलाज करता हूँ। | |
| मैं टोपियाँ बेचता हूँ। | |
| मैं घर की पहरेदारी करता हूँ। | |
| मैं चोर और बदमाश को पकड़ता हूँ। | |

## 'कितने कौए' की कहानी को अपने शब्दों में लिखिए–

| दिनांक | # पुनरावर्तन | दिवस–175 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से 'हाँ जी हाँ, ना जी ना' कविता का गायन करवाएँ तथा शब्दों को सही क्रम में सजाकर वाक्य बनाने की समझ विकसित करें।

## शब्दों को सही क्रम में सजाकर वाक्य लिखिए–

| | |
|---|---|
| फुटबॉल हम से खेलते हैं | |
| अच्छी है किताब मेरी | |
| करता है कॉव–कॉव कौआ | |

## देखिए, समझिए और मिलाइए–

| | |
|---|---|
| नौ–दो ग्यारह होना | संकट |
| आँखें फैलाईं | सोच–विचार करना |
| अक्ल दौड़ाई | हैरान होना |
| आफत | भाग जाना |

## चित्र देखिए और उसके बारे में लिखिए–



दिनांक

# पुनरावर्तन

दिवस–176

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से 'प्यासा कौआ' की कहानी सुनें तथा 'पहेलियाँ' पाठ का पुनरावर्तन करवाएँ।

## दी गई पहेलियों के उत्तर लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| कटोरे पर कटोरा,<br>बेटा बाप से भी गोरा। | एक लाठी की सुनो कहानी,<br>छुपा है इसमें मीठा पानी। | बीन बजाता आता है,<br>खून पी उड़ जाता है। |
| | | |

## चित्र देखिए और उसके बारे में लिखिए–



'प्यासा कौआ' की कहानी को उसके सही क्रम में सजाकर लिखिए–

| | |
|---|---|
| घड़े में पानी बहुत कम था। | |
| पानी ऊपर आ गया। | |
| वह पानी की तालाश में इधर–उधर घूम रहा था। | |
| कौए ने घड़े में कंकड़ डाला | |
| कौआ पानी पीकर उड़ गया। | |
| एक प्यासा कौआ था। | |
| तभी उसे एक पानी का घड़ा मिला। | |

| दिनांक | पुनरावर्तन | दिवस–177 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियो को शब्दों और चित्रों के माध्यम से वाक्य बनाने की समझ विकसित करें।

## दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

रेलगाड़ी–

आँगन–

पुल–


कीचड़–

## चित्र देखिए और उसके बारे में एक वाक्य लिखिए–

(क)



(ख)



(ग)



(घ)



(क)

(ख)

(ग)

(घ)

दिनांक

# पुनरावर्तन

दिवस–178

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को 'होली' कविता का पुनरावर्तन करवाएँ तथा उत्तर से कैसे प्रश्न बनाया जाता है, इसकी समझ विकसित करें।

## आप होली के दिन क्या–क्या करते हैं –

## दिए गए वाक्य से प्रश्न बनाइए–

जैसे– आज सोमवार है।

आज कौन सा दिन है?

राज की बहन का नाम कोमल है।

चूँ–चूँ टोपी बनवाना चाहता था।

निशा अपनी नानी को चिट्ठी लिख रही थी।

बीरबल ठीक सात दिन बाद दरबार में आया।

दिनांक

# पुनरावर्तन

दिवस–179

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से उनकी मनपसंद कविता का समवेत स्वर में गायन तथा कठिन पाठ का पुनरावर्तन करवाएँ।

## बॉक्स में से उचित शब्द का प्रयोग करके वाक्य पूरा कीजिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गंदा | परिचित | उगता | दुःख | दुश्मनों | अमीर |

(क) न सुख में इतराओं और न ______ में घबराओ।

(ख) साफ कपड़े पहनों, ______ नहीं।

(ग) आप मेरे अपरिचित नहीं, ______ हैं।

(घ) सूरज सुबह में ______ है और शाम में अस्त होता है।

(ङ) हमेशा दोस्तों का साथ दो और ______ से दूर रहो।

(च) ______ के पास पैसा होता है गरीब के पास नहीं।

## अपने पसंद की कोई एक कविता लिखिए–

| दिनांक | पुनरावर्तन | दिवस–180 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को 'इच्छा' कविता का पुनरावर्तन करवाएँ तथा अनुस्वार का पुनरावर्तन करवाएँ।

## अनुस्वार वाले चार शब्द लिखिए तथा किन्हीं दो से वाक्य बनाइए–

उदाहरण– बंदर (बंदर पेड़ पर रहता है।)

शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

वाक्य

## 'इच्छा' कविता में सभी की क्या–क्या इच्छा है, लिखिए–